प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 08 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह द्वारा पौधरोपण कर किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वस्थ समुदाय के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष खाद्य एवं पोषण विभाग, डा. सरिता श्रीवास्तव, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों द्वारा औषधीय पौधों, हल्दी, तुलसी, पुदीना एवं करी पत्ता का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्य डा. प्रतिमा अवस्थी, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. नीतू डोभाल के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, स्नातकोत्तर छात्र एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पौधरोपण करते मुख्य अतिथि एवं अधिकारी।